Year 01 | Vol. 01
डेल्फ़िक डाइजेस्ट
DELPHIC DIGEST
QUARTERLY NEWSLETTER OF DELPHIC COUNCIL OF RAJASTHAN
OCTOBER 2021

# DELPHIC COMES TO INDIA - DELPHIC COUNCIL OF RAJASTHAN LEADS THE WAY

16 JULY 2021




## Official Meet on 16th of July 2021.

The Executive Board meeting was a much awaited event, as all members met face to face for the first time. The occasion became even more special as the National Body officials of the **Indian National Delphic Council** were also present.

The event was set rolling with address to the Press by President, DCR, Ms Sreya Guha and Secretary, Delphic Council of Rajasthan Dr. Jitendra Soni. Later the National Council officials also joined in. The session with the media was followed by the Executive Body meeting.

The occasion marked the preview of the INDC logo

and launch of DCR logo, as well as launch of DCR Social Media handles.

It was noted by all that the Delphic Council of Rajasthan has made history by becoming the first council to be registered in India.

There was a lot of enthusiasm amongst members and a lot of ideas were discussed for taking the movement forward in Rajasthan.

## Vision of the International Delphic Council

- Just like the Olympic Games for sports, Delphic Games aspires to unite nations and cultures across the globe through a common fascination for arts.
- To create a platform for people of all ages and nationalities that gives access to art and culture while creating a base for emotional understanding amongst each other.

# सम्पादकीय

डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान के त्रैमासिक न्यूज़लेटर **'डेल्फ़िक डाइजेस्ट'** का पहला अंक आपके सामने है।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी के मार्गदर्शन में D C R लगातार कीर्तिमान रच रहा है। DCR अध्यक्ष महोदया के कुशल नेतृत्व और सृजनात्मकता का लाभ संस्था को लगातार मिल रहा है। महासचिव महोदय और कार्यकारिणी के सभी सदस्य साधुवाद के पात्र हैं।

राजस्थान की डेल्फ़िक काउंसिल अपने नवाचारों के मामले में लगातार अग्रणी रही है। 'डेल्फ़िक डाइजेस्ट' इन नवाचारों की कड़ी में अगला माइलस्टोन है।

चूँकि यह प्रवेशांक है, अतः इसमें डेल्फ़िक आंदोलन के परिचय से लेकर DCR के गठन को दर्शाया गया है। साथ ही, जुलाई से सितम्बर 2021 तक के कार्यक्रमों और संवादों की कवरेज को भी इसमें पर्याप्त स्थान दिया गया है।

रचनात्मक लेखन को इस अंक में अधिक स्थान नहीं दिया जा सका है, पर आगामी अंकों में यह लगातार बढ़ेगा।

इस न्यूज़लेटर में इंग्लिश और हिन्दी दोनों भाषाएँ होंगी और कहीं-कहीं राजस्थानी भाषा की महक भी मिलेगी।

सम्पादक मंडल सभी पदाधिकारियों और सदस्यों, कला-संस्कृति के क्षेत्र की हस्तियों और सभी सहयोगियों के प्रति आभारी है। श्री मुदित तिवारी का विशेष आभार, जिन्होंने डेल्फ़िक कार्यक्रमों के डोक्यूमेंटेशन में हमारी मदद की।

उम्मीद है, आप हमारी कमियों को क्षमा करते हुए हमें प्रोत्साहित करेंगे। उम्मीद है, यह अंक आपको पसंद आएगा।

---

शिप्रा शर्मा • निशान्त जैन • राहुल सूद
नवीन त्रिपाठी • फुरकान खान

# MEET THE DELPHIC COUNCIL OF RAJASTHAN



Ms Sreya Guha, IAS
PRESIDENT



Dr. Jitendra Kumar Soni, IAS
SECRETARY GENERAL

## MEMBERS



Nishant Jain, IAS



Tejaswini Gautam, IPS



Monali Sen, IFS



Shipra Sharma, RAS



Furqan Khan



Manisha Gulyani



Rahul Sood



Pankaj Dhirendra



Shuvankar Biswas



Naveen Tripathi

## FROM THE DESK OF SECRETARY - GENERAL, INTERNATIONAL DELPHIC COUNCIL



J. Christian B. Kirsch
is Initiator of the Delphic Movement
Founder of the International Delphic Council (IDC)
Founder of the International Delphic Academy (IDA)

The International Delphic Council (IDC) was founded in December 1994 in Berlin, Germany by representatives from 20 countries and five continents.

The ancient Greeks have already faced up to this ancient human experience. For almost 1000 years they brought people together, with the **Olympic Games** (sport) and the **Delphic Games** (arts). The victors brought fame and honour to their home countries and received every possible support from them.

For the IDC, the experience gained over nearly 30 years provides a basis for creating a platform open to leading and influential personalities from around the world. The aim is to explore common interests, establish lasting contacts and promote the enormous range of art and culture in interaction with the tourism, media, political and economic sectors in a committed and sustainable manner.

The Delphic Games of Modern Times bring this **"hidden treasure"** back to life. Since its foundation in 1994 the International Delphic Council has organized seven Delphic Games, Summits, Symposia and Conferences - as a worldwide stage for the encounter of arts and cultures.

Since ancient times and until today, people from all over the world have made pilgrimages to Delphi. Distances have become shorter in a globalised world, but people's hopes and dreams remain, interwoven in a bond of cultural diversity.

**- J. Christian B. Kirsch**

## MESSAGE FROM ADVISOR OF THE INTERNATIONAL DELPHIC COUNCIL FOR INDIA



Ramesh Prasanna is Advisor, SAARC Region & India, International Delphic Council Initiator of the Indian Delphic Council

Dear Good People!

I am delighted to be a part of the maiden edition of your newsletter, which is a first in India and having experienced the qualitative approach of your Council and your President Sreya Guha Ji, I am confident you will leave wonderful imprints in the sands of time.

It has been my pleasure to have met some of you in Jaipur and I must tell you that you are a dream team **capable of revitalizing the Arts and rejuvenating the Cultural ecosystem in Rajasthan and thus India!**

Please know that the **Delphic Games** are the only common floor in the world to have recognized that arts are trans-disciplinary and should have sanctuaries to flourish. The **Delphic Movement** is also the only platform in the world to recognize that arts, cultures and education need various stakeholders in a disparate yet coherent network to leverage every resource and opportunity for the benefit of all concerned.

In all of this, I can see **Rajasthan contributing** in every manner and setting the pace for others to aspire and follow!

My heartfelt thanks to Sreya Guha Ji for her astute and sensitive leadership and articulate vision!

My best wishes to each of you and your families for good health, prosperity and happiness!

With you, in the great cause of harmony!

**- Ramesh Prasanna**

# MESSAGE FROM PRESIDENT, DELPHIC COUNCIL OF RAJASTHAN



Sreya Guha is President, Delphic Council of Rajasthan and also Principal Secretary to Government, Government of Rajasthan.

I feel great pride and joy that Delphic Council of Rajasthan has become the first State Delphic Council to be registered in the country. The Council has made its presence felt in Rajasthan in the sphere of art and culture by organizing weekly curated shows under the banner of **"Delphic Dialogues".**

To further the **Delphic Movement** the Council has collaborated with organizations such as Rajasthan Foundation and Rajasthan Tourism Department. The Council has received endorsement from organizations such as UNESCO and INTACH, social entrepreneurs like Ruma Devi ji and from similar movements like Jaipur Literature Festival.

The Council has been able to create a core team of culture aficionadas with different backgrounds and expertise who have contributed to the meteoric growth of the Movement in Rajasthan. The commitment of the Council members will ensure the further growth and expansion of the Council's activities

As another first, the Council has come up with **"Delphic Digest"** a Newsletter dedicated to carrying information about the activities of the Council as also furthering the Delphic Movement

I congratulate the editorial team on working so hard to bring this novel initiative to fruition in such a short time. I wish the team all success in future endeavours.

**- Sreya Guha**

## MESSAGE FROM SECRETARY GENERAL, DELPHIC COUNCIL OF RAJASTHAN



Dr. Jitendra Kumar Soni (IAS) is Secretary General, Delphic Council of Rajasthan

अपने गठन के बाद बहुत ही कम समय में राजस्थान डेल्फ़िक कौंसिल ने ननरंतर नवाचारों से कला, संस्कृति और लोकरंग़ को उभारने का उल्लेखनीय काम किया है जिसे इंडियन डेल्फ़िक कौंसिल द्वारा अनेक मंचों पर सराहा गया है।

अध्यक्ष महोदया श्रीमती श्रेया गुहा, आईएएस के नेतृत्व में 'डेल्फ़िक डायलॉग्ज़' की पहल हो या फिर 'डेल्फ़िक डाइजेस्ट' हो, सभी नवाचार पूरे देश में सबसे पहले राजस्थान से ही शुरू हुए हैं। मैं डेल्फ़िक डाइजेस्ट की सम्पूर्ण संपादकीय टीम को धन्यवाद देना चाहूँगा जिन्होंने अब तक की तमाम महत्त्वपूर्ण गतिविधियों और कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया है। मेरा विश्वास है कि इस डायजेस्ट में हिंदी, अंग्रेजी और राजस्थानी भाषाओं की महक होगी और यह डायजेस्ट कला, संस्कृति और लोकरंग के विभिन्न आयामों में हुए कार्यों का संक्षिप्त विवरण देगा।

डेल्फ़िक डाइजेस्ट के लिए संपादकीय टीम को साधुवाद और अशेष शुभकामनाएं!

**- डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी**

# Delphic Movement : The origins and Relevance

EVENT 1

31 JULY 2021




The activities of The Delphic Council of Rajasthan began with a bang with the launch of the Online Series **"DELPHIC DIALOGUES".** On 31st July 2021, the first session **"Delphic Movement – The origins and Relevance"** was held.

The keynote speaker Mr. Ramesh Prasanna explained that Delphic Games are as old as the Olympic Games. The cultural, musical and artistic counterpart of the Olympic Games were the Pythian Games, begun in Delphi, Greece in the same time period. The Olympic and Pythian Games complimented each other, and were celebrated peacefully for almost 1000 years and had at the time a similar level of importance in society.

Ms. Sreya Guha, President, Delphic Council of Rajasthan said that while the main objective of these Games is to provide the right platform to practitioners of all art forms, it also aims to facilitate cultural exchange and camaraderie amongst the art and culture fraternity across the globe. She informed that Delphic Council of Rajasthan will hold a weekly session of this online series on every Saturday at 5:00 PM, featuring programs related to Art & Culture.

Dr. Jitendra Kumar Soni, Secretary General Delphic Council of Rajasthan & Senior I.A.S said that data base of artists will be prepared from all over Rajasthan & accordingly programs will be made in association with government departments, private organisations & art lovers.

Mr Rahul Sood, Actor & Film Maker and member Delphic Council of Rajasthan said that Delphic Movement is a ray of hope for all artists & artisans.


Mr. Furqan Khan, Retd. RAS officer & photographer, writer & cultural administrator moderated the webinar as a member of Delphic Council Rajasthan.

**To watch video CLICK HERE**

# कथक कथा वर्चुअल टॉक सेशन

**EVENT 2**

**7 AUGUST 2021**




डेल्फ़िक कांउसिल ऑफ राजस्थान द्वारा "कथक कथा" नामक वर्चुअल टॉक सेशन का आयोजन किया गया। यह डेल्फ़िक डायलॉग्स की कड़ी का दूसरा कार्यक्रम था, जिसमे कथक की बारीकियां बताई गयी।

कथक नृत्यांगना एवं गुरु प्रेरणा श्रीमाली ने बताया की शास्त्रीय स्तर पर भारत में 8 नृत्य माने जाते हैं, कत्थक उत्तर भारत का प्रतिनिधित्व करता है। इस दौरान इन्होंने कथक क्या है, कथक के घरानों का मतलब, जयपुर

घराने की विशेषता आदि विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की।

कथक नृत्यांगना मनीषा गुल्यानी ने कहा की डेल्फ़िक कांउसिल ऑफ राजस्थान की कथक के प्रचार-प्रसार में भूमिका और युवाओं की कथक में अभिरुचि विकसित करने में डेल्फ़िक डायलॉग्स एक अहम् भूमिका निभा सकता है।


इस सत्र का मॉडरेशन आर.ए.एस अधिकारी शिप्रा शर्मा ने किया।

To watch video **CLICK HERE**

EVENT 3

# भारत संकल्पना और देशी रियासतों का एकीकरण विषय पर वार्ता

14 AUGUST 2021




स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या के उपलक्ष्य में डेल्फ़िक कौंसिल ऑफ राजस्थान की डेल्फ़िक डायलाग सीरीज के तीसरे ऑनलाइन सत्र में **"भारत संकल्पना और देशी रियासतों का एकीकरण"** विषय पर वार्ता का आयोजन भारत की 75 वीं स्वतंत्रता दिवस के महत्व को देख कर रखा गया।

समाजशास्त्री डॉ आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि इतनी सारी भिन्न भिन्न रियासतों का एकीकरण किया जाना आसान कार्य नहीं था फिर भी बिना संघर्ष के पूर्ण एकीकरण हो जाना

तत्कालीन राजनेताओं की बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने ये भी बताया कि भारत द्वारा लगभग 500 रियासतों के एकीकरण का काम मात्र दो महीने से भी कम अवधि में पूरा कर लिया गया था वही पाकिस्तान में ये कार्य 1974 तक चलता रहा जबकि वहां मात्र 13 रियासतें थीं।

इतिहास के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ दिनेश भार्गव ने विस्तार से आज़ादी के पूर्व विद्यमान ब्रिटिश इंडिया और प्रिंसली स्टेट्स के मध्य रिश्तों को स्पष्ट करते हुए राजस्थान की रियासतों के विलय की प्रक्रिया को स्पष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि आज़ादी के पूर्व ब्रिटिश इंडिया भारत के उस भाग को कहा जाता था जिस पर ब्रिटिश सीधे राज या प्रशासन करते थे और शेष राजाओं के क्षेत्र में ब्रिटिश की ओर से पोलिटिकल एजेंट हुआ करते थे।




इस सत्र का मॉडरेशन रिटायर्ड राजस्थान प्रशासनिक अधिकारी, फोटोग्राफर, राइटर और कल्चरल एडमिनिस्ट्रेटर फुरक़ान खान द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि भारत में देशी रियासतों का विलय मात्र राजनीतिक घटना ही नहीं थी बल्कि एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण की प्रक्रिया थी जो लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों पर आधारित होने वाला था।

**To watch video CLICK HERE**

## History of Delphic Movement


- 582 BC to 394 AD, Delphic Games were held every four years, one year prior to the Olympic Games. Culture & Sport were closely linked with artistic achievements (mind) and had their centre in Delphi, Greece. Cultural & sportive competitions were held in honour to God Apollo: the Pythian Games in Delphi.
- 1,600 years after the ban 394 by Emperor Theodosius of Byzantium and Rome, the Delphic movement was reborn in 1994.

# राजस्थानी युवा कविता : नए तेवर

**EVENT 4**

**19 AUGUST 2021**







डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ राजस्थान के डेल्फ़िक डायलॉग सीरीज की चौथी कड़ी में 19 अगस्त को **"राजस्थानी युवा कविता : नए तेवर"** विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया।

सेक्रेटरी जनरल व नागौर कलेक्टर एवं साहित्यकार डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि राजस्थानी कविता का दायरा बहुत व्यापक है राजस्थानी कविता की विरासत अत्यंत समृद्ध है|

युवा कवि विनोद स्वामी ने चालू है भाई सिया ढलगी संग्रह से चुनिंदा कविताओं का वाचन किया।

साहित्य अकादमी से पुरस्कृत युवा कवि ओम नागर ने महात्मा गांधी को समर्पित अपनी कविता में गांधीवाद के विचारों को उजागर किया|



युवा कवित्री सिया चौधरी ने घर परिवार के परिवेश पर केंद्रित कविताएं प्रस्तुत की जिसमें नारी मन की आकांक्षाओं और अवरोधों को छोड़ दिया गया।

डॉक्टर मदन गोपाल लड्ढा ने महाजन फील्ड फायरिंग रेंज पर केंद्रित कविताओं को प्रस्तुत किया जिसमें विस्थापन की पीड़ा को प्रमुखता से उठाया गया।

कार्यक्रम के सूत्रधार डॉक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने भी रण खार संग्रह से चुनिंदा कविताएं प्रस्तुत की।




**To watch video CLICK HERE**

**EVENT 5**

# भारत में पारंपरिक और समकालीन कला पर ऑनलाइन परिचर्चा

21 AUGUST 2021









डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ राजस्थान के डेल्फ़िक डायलॉग सीरीज की पांचवीं कड़ी में "भारत में पारंपरिक और समकालीन कला" विषय पर दिनांक 21 अगस्त 2021 को ऑनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया गया।

रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर और विभाग प्रमुख दृश्य कला विभाग, राजस्थान यूनिवर्सिटी सुब्रोतो मंडल ने समकालीन कला, पारंपरिक कला और लोक कला के बारे में बताया। इसके साथ साथ इन्होने समकालीन और पारंपरिक कलाओं का मेल और बंगाल स्कूल की शुरुआत के बारे में भी बताया।

पारंपरिक कला के चित्रकार वीरेंद्र बन्नू ने राजस्थानी लघुचित्र के बारे में बात कि। इसकी शुरुआत, रंगों का प्रयोग, विषय वस्तु, विशेषता, कुछ खास रंग उनके बनाने की विधि जैसे गोगुली रंग। फड़ चित्रकला के कलाकार कल्याण जोशी ने फड़ चित्रकला के इतिहास, विधि, रंगों का प्रयोग, इसकी रचना के बारे में बताया।

असिस्टेंट प्रोफेसर, भारतीय शिल्प संस्थान शुभांकर बिस्वास ने समकालीन कला पर पारंपरिक कला के प्रभाव। इनके शैली में राजस्थानी संस्कृति का प्रभाव के बारे में बताया। पैनलिस्टस् ने पारम्परिक व आधुनिक कला के इतिहास, तकनीकों, माध्यमों, विषयों और इनके अंतर्संबंधों का विश्लेषण करते हुए अपनी कला को अपने विभिन्न चित्रों के माध्यम से दर्शकों के सामने प्रदर्शित भी किया।


डेल्फ़िक कांउसिल राजस्थान की शिप्रा शर्मा (आरएएस) ने परिचर्चा का संचालन किया।

**To watch video CLICK HERE**

# डेल्फ़िक डॉयलोग्स का छठा सत्र : लोक नाट्य और इसकी प्रासंगिकता

EVENT 6

28 AUGUST 2021




**To watch video**
**CLICK HERE**

डेल्फ़िक कौंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से आयोजित डेल्फ़िक डॉयलोग्स का छठा सत्र दिनांक 28 अगस्त 2021 को **"लोक नाट्य और इसकी प्रासंगिकता"** विषय पर रखा गया।

नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के उपाध्यक्ष और प्रख्यात लेखक, निर्देशक और कवि श्री अर्जुन देव चारण ने बताया कि लोक नाट्य और शास्त्रीय नाट्य, दोनो का ही उद्गम नाट्यशास्त्र में मिलता है जिसमें लोक नाट्यों की प्रमुख विशेषता सहजता बताई गई है और शास्त्रीय नाट्यों में कुछ अतिश्योक्ति होना आवश्यक बताया गया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि कला उपयोग की वस्तु नहीं बल्कि अनुभूति का विषय है।

पीपुल्स मीडिया थिअटर के अध्यक्ष, प्रख्यात रंगकर्मी, लेखक और समीक्षक श्री अशोक राही ने लोक नाट्यों के स्वरूप पर चर्चा करते हुए बताया लोक नाट्य में संगीत पक्ष बहुत प्रबल होता है और इसके क्षेत्रानुसार विषय निर्धारित होने के साथ साथ लंबे लंबे किस्से चलते हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर तमाशा या जयपुर ख्याल में तो शास्त्रीय संगीत का भी उपयोग होता है। दोनों ही इस बात पर सहमत थे कि दोनों ही स्वरूप मानवीय अनुभूतियों का प्रदर्शन करते हैं बस अंतर प्रस्तुतिकरण का ही है।

दोनों ही वार्ताकार इस बात पर सहमत थे कि कला संरक्षण के बिना आगे नहीं बढ़ती पहले राजा महाराजा और समाज संरक्षण दिया करते थे अब उनका स्थान सरकार ने लिया है। सरकार के साथ साथ समाज और सक्षम संस्थाओं को भी इस कार्य में साथ लिया जाना चाहिए। यदि अभी भी इनकी और ध्यान नहीं दिया गया तो बहुत सी कलायें लुप्त हो जायेंगी। अलिबख्शी ख्याल, रावलों की रम्मत लगभग समाप्त हो गई है तुर्रा कलगी और कुचामनी ख्याल अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

वार्ता का मॉडरेशन रिटायर्ड राजस्थान प्रशासनिक अधिकारी, फोटोग्राफर, राइटर और कल्चरल एडमिनिस्ट्रेटर फुरक़ान खान ने किया।

# टेराकोटा कला और कागज़ी मिट्टी के बर्तन

EVENT 7

4 SEPTEMBER 2021




डेल्फ़िक डायलॉग श्रृंखला के सातवें सत्र में दिनांक 04 सितंबर 2021 को हस्तशिल्प के लिए यूनेस्को अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित राजस्थान के प्रसिद्ध टेराकोटा शिल्पकार ओमप्रकाश गालव ने साझा किए माटी के रचनात्मक जगत के अनुभव।

डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ राजस्थान के डेल्फ़िक डायलॉग श्रृंखला के सातवें सत्र में सत्र संचालक उत्कर्ष द्विवेदी **"टेराकोटा कला और कागजी मिट्टी के बर्तन: पारंपरिक कलाकारों की चुनौतियाँ और संघर्ष"** विषयक संवाद सत्र में कागज के समान मिट्टी के पतले बर्तन यानी प्रसिद्ध कागज़ी पॉटरी बनाने में महारत हासिल करने वाले राजस्थान के प्रसिद्ध टेराकोटा शिल्पकार ओमप्रकाश गालव ने टेराकोटा कला से अपने पारिवारिक जुड़ाव व विरासत को साझा करते हुए बताया की माटी कला का कार्य उनके परिवार में पीढ़ियों से किया जा रहा है। उनके स्वर्गीय पिता फतेह राम प्रजापत जी को 1989 में राजस्थान राज्य दक्षता पुरस्कार प्राप्त हुआ था। राजस्थान में मिट्टी के बर्तन कला में किसी भी कलाकार को प्राप्त यह पहला पुरस्कार था। इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने माटी कला में कार्य जारी रखा एवं वर्ष 2010 में मुझे स्वयं को पहला राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था। इसके उपरांत राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर अनेकों बार सम्मानित किया जा चुका है। हस्तशिल्प के लिए उत्कृष्टता का यूनेस्को पुरस्कार के साथ ही ओमप्रकाश गालव को अंतर्राष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है। वर्तमान में उनके परिवार में 5 भाईयों द्वारा इस कार्य को किया जा रहा है एवं परिवार की अगली पीढ़ी भी इस कार्य को उतनी ही तन्मयता से सीखने हेतु प्रयासरत है।

धैर्य के साथ कला में पारंगत होने के

प्रयासों को निरंतरता के साथ किए जाने पर बल देते हुए गालव ने कहा की किसी की कला में विशेषज्ञता हासिल करने का कोई शॉर्टकट नहीं है। यह आपको धैर्य के साथ निरंतर पूर्ण मनोयोग से प्रयास करने के उपरांत ही प्राप्त हो सकती है। अतः प्रयास सदैव जारी रखें।

कागजी पोटरी एक विशेष कला है जिसके लिए निर्माण के प्रत्येक स्तर पर सावधानी के साथ कार्या किए जाने की महती आवश्यकता रहती है। इसके निर्माण के दौरान समस्त कार्य हाथों के द्वारा ही किया जाता है साथ ही इस्तेमाल किए जाने वाले औजर भी आवश्यकतानुसार स्वयं द्वारा निर्मित किए गए है। काग़ज़ी पोटरी व माटी कला के कला के देश – विदेश में विशेष प्रदर्शन हेतु छोटा व्हील भी इनके भाई द्वारा घर में ही तैयार किया गया है।

उत्पादित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला में कागजी पॉटरी टी-लाइट्स, लैम्प्स, फाइन कटवर्क के साथ डेकोरेटिव पॉट्स, पारंपरिक और समकालीन फर्नीचर, मिनिएचर पॉटरी और खाना पकाने के बर्तन शामिल हैं।

सत्र संचालक उत्कर्ष द्विवेदी के साथ परिचर्चा में शिल्पकार गालव ने अपने उत्पादों व उनके निर्माण से जुड़ी जानकारियों को भी आम श्रोताओं के साथ साझा किया।




To watch video **CLICK HERE**

## Delphic Games Identity includes Six Delphic Art Categories

1. Musical Arts & Sounds
2. Performing Arts & Acrobatics
3. Language Arts & Elocution
4. Visual Arts & Handicrafts
5. Social Arts & Communications
6. Ecological Arts & Architecture

# राजस्थान और डिजिटल स्पेस : राजस्थानी प्रतिभा के लिए उभरता हुआ क्षेत्र

EVENT 8

11 SEPTEMBER 2021




डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ राजस्थान के डेल्फ़िक डायलॉग श्रृंखला के आठवें सत्र में संगीत, राजस्थान और डिजिटल स्पेस: राजस्थानी प्रतिभा के लिए उभरता हुआ क्षेत्र विषयक ऑनलाइन परिचर्चा का दिनांक 11 सितंबर 2021 को किया गया आयोजन।

राजस्थान अपने लोक संगीत एवं गायन की विलक्षणता से सदैव सम्पूर्ण विश्व के संगीत व कला प्रेमियों का मन मोहता रहा है। यहाँ के लोक संगीत का अनूठा अन्दाज़ एवं यहाँ के कलाकारों के आवाज़ की अद्भुत मिठास इसे और भी विशेष बना देती है। डेल्फ़िक डायलॉग ऋंखला के आठवें सत्र में देश-विदेश में राजस्थान व राजस्थानी संगीत के प्रतिनिधि के रूप में स्थापित ख्यातनाम बॉलीवुड गायक रविंद्र उपाध्याय ने ऑनलाइन म्यूज़िक रिलीज़ एवं ओटीटी प्लेटफ़ोर्मस के बढ़ते उपयोग पर सत्र संचालक उत्कर्ष द्विवेदी के साथ चर्चा करते हुए कहा की आज के डिजिटल युग में हर क्षेत्र की प्रतिभाओं के पास अवसर पहले से कहीं ज़्यादा है। सभी कलाकारों के लिए यह एक वरदान की तरह है। इसके माध्यम से हम अपनी कला व सृजन को कम से कम समय एवं संसाधन में पूरे विश्व में अधिकाधिक लोगों तक पहुँचा सकता है।

डिजिटल माध्यम के द्वारा नए अवसरों एवं अपने राजस्थानी फ़्यूज़न रॉक बैंड

स्वेगस्थान के बारे में बात करते हुए रविंद्र ने कहा की इंडियाज गॉट टेलेंट सीजन 8 के लिए उनके क्रीएटर्स ने ऑनलाइन मुख्यतया यूट्यूब पर उपलब्ध कलाकारों की खोज परख के बाद मुझसे व रैपरिया बालम से सम्पर्क किया एवं इसी के उपरांत ही मैंने, रैपरिया बालम व अन्य टीम सदस्यों ने बॉलीवुड – राजस्थानी लोक गीत व रैप के फ़्यूज़न से अपनी तरह के पहले राजस्थानी फ़्यूज़न रॉक बैंड स्वेगस्थान को शुरू किया जिसे आज हर प्लेटफोर्म व दर्शकवर्ग द्वारा सराहा जा रहा है।

संगीत क्षेत्र की नई-पुरानी सभी प्रतिभाओं को व्यूज-लाईक के काल्पनिक संसार के दबाव से दूर रहने की सलाह देते हुए रविंद्र ने कहा की आप अधिक से अधिक संगीत का सृजन करें एवं बिना लाईक-शेयर–व्यूज की संख्या के दबाव में आए उन्हें हर सम्भव डिजिटल माध्यमों पर साझा करें। यदि सृजन के समय आपके दिल को संगीत छू रहा है तो निश्चित रूप से वह श्रोताओं के दिल तक भी पहुँचेगा।

गणेश स्तुति के साथ -साथ रविंद्र में सत्र में ऑनलाइन श्रोताओं की माँग पर आखों में सपना – सपनों में आशा, आशा है ज़िंदगी, हरियाला बना – नादान बना, काली काली काजलिए आदि गीत सुनाकर सभी का मन मोह लिया।

रविंद्र उपाध्याय ने डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ राजस्थान के राजस्थानी लोक कला, संगीत व स्थानीय कलाओं को एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी तक संवर्धित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए उनकी तरह के प्रथम पीढ़ी के संगीत व कला क्षेत्र के कलाकारों को विशेष प्रोत्साहन दिए जाने पर विशेष ध्यान दिए जाने पर ज़ोर दिया।

डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ राजस्थान के प्रतिनिधि के रूप में इस सत्र का संचालन उत्कर्ष द्विवेदी द्वारा किया गया।

**To watch video CLICK HERE**

**The International Delphic Council currently has 26 member countries.**

EVENT 9

# संग्रहालय... शिक्षा के केन्द्र

18 SEPTEMBER 2021




डेल्फ़िक काउन्सिल ऑफ राजस्थान संवाद श्रृंखला के अन्तर्गत दिनांक 18.09.2021 को नवें सत्र में संग्रहालय शिक्षा के केन्द्र विषय पर चर्चा हुई।

डॉ0 संजीव कुमार, अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संग्रहालय एवं विरासत संरक्षक, राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली ने बताया कि पुरावशेष को केन्द्र में रखकर ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। उन्होनें बल देकर कहा कि औपचारिक और अनौपचारिक ज्ञान में भेद है। आयु, भूगर्भिय सीमाओं और संस्कृति की पहचान नहीं होने के बावजूद संग्रहालय आपको विज्ञ कर सकते हैं किन्तु प्रदर्शनी एवं लेखन-प्रकाशन से बात पीढ़ियों तक पहुँचती है।

डॉ0 अचल पांडे प्रमुख संरक्षक, इन्दिरा गांधी नेशनल सेन्टर ऑफ रिसर्च, द्वारा संग्रहालय के शिक्षा में योगदान पर प्रकाश डालते हुये उनकी समाज हेतु उत्तरदायित्व के बारे में जानकारी दी तथा मूर्त व अमूर्त विरासत में संग्रहालय का योगदान एवं आने वाली पीढ़ी के लिये कला, स्थापत्य एवं संस्कृति रूपी विरासत को संजोये रखने की जिम्मेदारी कतिपय संग्रहालय की है के बारे में जानकारी दी गई।

डॉ0 पंकज धरेन्द्र, अधीक्षक, राजकीय संग्रहालय व महल आमेर, सदस्य डैल्फ़िक काउन्सिल ऑफ राजस्थान एवं विषय विशेषज्ञ मन्दिर स्थापत्य एवं मूर्ति कला द्वारा उक्त सत्र में सूत्रधार की भूमिका निभाई गई। डॉ0 धरेन्द्र ने बताया कि संग्रहालय ज्ञान का केन्द्र है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिये इतिहास के साक्ष्यों को संजोये रखने की जिम्मेदारी तथा वर्तमान पीढ़ी को संस्कृति के बारे में जागृत करना संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य है।

**To watch video CLICK HERE**

EVENT 10

# राजस्थान और डिजिटल स्पेस : राजस्थानी प्रतिभा के लिए उभरता हुआ क्षेत्र

25 SEPTEMBER 2021




दिनांक 25 सितम्बर 2021 को डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ राजस्थान के डेल्फ़िक डायलॉग सीरीज की दसवीं कड़ी बेहद खास रही, इस कड़ी में टोक्यो पैरा ओलम्पिक 2020 की गोल्ड मेडलिस्ट अवनि लेखरा ने अपने अनुभव साँझा किए।


अवनि लेखरा, टोक्यो पैरा ओलम्पिक 2020 की शूटिंग में गोल्ड मेडलिस्ट ने माता पिता को अपना रोल मॉडल बताया। उन्होंने बताया की उनकी सफलता में कोच का बेहद महत्पूर्ण योगदान रहा। दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रति होने वाले व्यवहार का ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया की उन्हें भी सामान्य खिलाड़ियों की तरह देखा जाना चाहिए और वैसा ही व्यवहार होना चाहिए।

दसवां सत्र विशेष इसलिए भी रहा क्योंकि इस सत्र में डेल्फ़िक कौंसिल ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष और वन एवं पर्यावरण की प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा और डेल्फ़िक कौंसिल ऑफ़ राजस्थान के महा सचिव एवं नागौर के जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने न केवल शिरकत की बल्कि अवनि से सवाल जवाब भी किये।

To watch video **CLICK HERE**

DELPHIC RAJASTHAN & RAJASTHAN FOUNDATION
COLLABORATED SYNERGY BETWEEN LOVERS OF ART & CULTURE TO

# CELEBRATE TEEJ




Rajasthan Foundation in collaboration with Delphic council of Rajasthan organized online event **"Global Pravasi Teej Celebration"** on 25th August 2021.

Mr. Dhiraj Srivastav, Commissioner Rajasthan Foundation gave the opening speech while Mr K.C. Maloo of Veena Music explained the importance of Kajli Teej. On this occasion singer Supriya Soral sang many songs & Delphic Council of Rajasthan member Ms. Manisha Gulyani performed Kathak dance.

The event was not only watched globally from Pravasi living in US, Canada, Australia, Uganda, Kenya etc. but they participated as well.

राजस्थान फाउण्डेशन
Rajasthan Foundation

# DELPHIC RAJASTHAN GETS ENDORSEMENTS




1. Ms Sreya Guha, President DCR and Dr. Jitendra Soni, Secretary General, DCR met Mr Niranjan Arya, Chief Secretary, Rajasthan and briefed him about activities and future plans of DCR.
2. Ms Sreya Guha, DCR President met Ms Gayatri Rathore, Principal Secreatary, Tourism, Rajasthan and deliberated the ways to promote tourism and culture.
3. Ms Sreya Guha, President DCR met Mr Eric Falt, Director and UNESCO Representative to Bhutan, India, Maldives and Sri Lanka and breifed him about DCR.
4. Team DCR met Mr Dheeraj Kumar, Commisioner, Rajasthan Foundation and deliberated many aspects of working together for promotion of art and culture.
5. Ms Sreya Guha, President DCR with Ms Dharmendar Kanwar, Convenor INTACH, Jaipur in a meeting to deliberate over various facets of heritage conservation.
6. DCR Team with Ms Ruma Devi, an artisan turned social entrepreneur from Barmer – a major centre of indigenous arts and craft in western Rajasthan.

DELPHIC COUNCIL OF RAJASTHAN

E: info@DelphicRajasthan.org
Room #9, Ground Floor,
Harish Chandra Mathur Rajasthan
Rajya Lok Prasashan Sansthan,
Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur 302017, Rajasthan, India